प्रादेशिक समाचार
26.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्र आज मना रहा 76वां संविधान दिवस, देशभर में करोड़ों लोग संविधान की प्रस्तावना का पढ़ेंगे पाठ।
2. राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप देन के लिए सभी जिलों को वार्डों में आरक्षण प्रक्रिया दिसंबर 2025 तक पूरी करने का दिया निर्देश।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों को कफ सिरप और नशीली दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग पर तत्काल रोक लगाने का दिया आदेश।
4. मौसम विभाग ने उत्तरी–पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का जताया अनुमान
5. रांची में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वन–डे मैच को लेकर खिलाड़ियों का आगमन शुरू, आज आयेंगे रोहित शर्मा और विराट कोहली, टिकटों की बिक्री का आज अंतिम दिन।

****

राष्ट्र आज 76वां संविधान दिवस मना रहा है। इस वर्ष के समारोह का विषय है–हमारा संविधान–हमारा स्वाभिमान। संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित संविधान दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला और दोनों सदनों के सांसद उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर एक स्मारक पुस्तिका भी जारी की जाएगी। इस अवसर पर देशभर में करोड़ों लोग संविधान की प्रस्तावना का पाठ पढ़ेंगे।

इधर खूंटी जिले में संविधान दिवस को लेकर बुद्धिजीवियों ने कहा कि संविधान की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। संविधान के दायरे में रहकर ही देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

****

राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए सभी जिलों को वार्डों में आरक्षण प्रक्रिया दिसंबर 2025 तक पूरी कर लेने का निर्देश दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देशानुसार निर्धारित समय–सीमा के अंदर चुनाव करा लिये जाएंगे।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में कफ सिरप और नशीली दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग पर राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों को तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिया है। अदालत ने राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि झारखंड में कोई भी कफ सीरप और नशीली दवा बिना वैध पर्ची के नहीं बिके। अदालत ने कहा कि सरकार फामेर्सी और दवा कंपनियों पर छापेमारी करे, ताकि अवैध कफ सिरप की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

****

नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में कल झारखंड पवेलियन में झारखंड दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार झारखंड पैवेलियन पहुंचे। उन्होंने प्रदेश की समृद्ध परंपराओं, आदिवासी सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा की इस प्रस्तुति को विशेष रूप से सराहा। उन्होंने कहा झारखंड सरकार राज्य को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

****

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की विधवा पूर्ण विवाह योजना के तहत पलामू जिले में वित्त वर्ष 2025—26 में 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है।

****

देवघर जिले में सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत कल नगर निगम क्षेत्र में आयोजित शिविर में लाभुकों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। मौके पर विधायक सुरेश पासवान शामिल हुए।

****

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 56वां संस्करण सिनेमा जगत के लिए एक प्रमुख आकर्षण बना हुआ है। आकाशवाणी इसका विशेष प्रसारण कर रहा है।

****

उत्तर—पश्चिम से आ रही पछुआ हवाओं के कारण राज्यभर में न्यूनतम में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। रांची मौसम केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड और बढ़ेगी।

****

रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 30 नवंबर को होने वाले एक दिवसीय मैच को लेकर भारतीय खिलाड़ियों का आगमन शुरू हो चुका है। कल देर शाम चार भारतीय खिलाड़ी तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा पहुंचे जबकि स्टार खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली आज रांची आयेंगे। इधर मैच के टिकटों की बिक्री आज भी जारी रहेगी।

इधर, 54वीं नेशनल जूनियर तथा 39वीं नेशनल जूनियर गर्ल्स शतरंज प्रतियोगिता के शुभंकर 'गजराज' का अनावरण रांची में किया गया। इस वर्ष देशभर से 500 से अधिक युवा शतरंज खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। सरायकेला खरसावां जिला शतरंज संघ दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है।

****

<u>अखबारों की सुर्खियां—</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अख़बारों ने अयोध्या में धर्म ध्वजारोहण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है इसके अलावा...

प्रभात खबर की सुर्खी है— सरकारी स्कूलों की परीक्षा को लेकर विकास आयुक्त करेंगे बैठक, लेंगे निर्णय।

दैनिक जागरण ने लिखा है– इडी के समन की अवहेलना मामले में हेमंत सोरेन की अंतरिम राहत समाप्त।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– वन भूमि केस में संलिप्तता से विनय चौबे का इनकार।

दैनिक भास्कर ने हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है– डॉक्टर की पर्ची के बिना नहीं बिके कफ सिरप।

*********समाप्त**************